


हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर

बुधवार 03 जून 2026 बर्ष 02 अंक 146 पृष्ठ 5 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं, लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे बेहतर करूं । हार तो वो सबक है, जो आपको बेहतर होने का मौका देगी ।

## बिंद पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में 98 आवेदन प्राप्त, 93 का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

### स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिंद (नालंदा)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को बिंद पंचायत सरकार भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने की। कार्यक्रम के दौरान सचिव कुमार रवि ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर आवेदनों की प्राप्ति एवं निष्पादन की प्रक्रिया का जायजा लिया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं लाभुकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दिए। शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें ग्रामीण विकास विभाग से 58, भू–अर्जन विभाग से 17, शिक्षा विभाग से 8, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) से 1, विद्युत विभाग से 1, श्रम संसाधन विभाग से 2 तथा अन्य विभागों से 11 आवेदन शामिल थे। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार प्राप्त 98 आवेदनों में से 93 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर लाभुकों को इसकी जानकारी दे दी गई। शेष आवेदनों के शीघ्र निष्पादन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सचिव कुमार रवि ने शिविर में उपस्थित लोगों की समस्याओं को



गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी नालंदा, पुलिस अधीक्षक नालंदा, प्रभारी उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मुखिया, सरपंच, कचहरी सचिव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हरनौत नगर पंचायत में सहयोग शिविर का हुआ आयोजन पांच मामले निष्पादित, 21 नये आवेदन




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को हरनौत नगर पंचायत के विभिन्न चार वार्डों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के कर्मी के अलावा स्वयं नगर कार्यपालक पदाधिकारी( एमईओ) सौरभ सुमन व सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी प्राची प्रसाद उपस्थित थे। एमईओ ने कहा कि सहयोग शिविर की निर्धारित तिथि से 30 दिन पूर्व ही आयोजन स्थलों पर आवेदन व परिवाद पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित है।वहीं उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह ने बताया कि वार्ड संख्या एक से लेकर चार तक के लिए विभिन्न चार वार्डों में यह शिविर लगा था। जिसमें अंबेडकर नगर मुहल्ले में स्थित सामुदायिक भवन में,पोरई स्थित प्राथमिक विद्यालय, सबनहुआ. डीह स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय आदि शामिल था। उन्होंने कहा कि शिविर में पहले के कुल छः मामले का निष्पादन किया गया। जबकि विभिन्न वार्डों के 21 लोग अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखें।इस दौरान ईओ ने शिविर से संबंधित प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की। उन्होंने निष्पादित और लंबित मामलों की जानकारी ली तथा लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। वहीं वार्ड संख्या चार के पार्षद प्रतिनिधि रोहित कुमार उर्फ मिलनजी ने बताया कि पीएमएवाई 2.0 आवास,बिजली विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल छः आवेदन वार्ड संख्या चार की समस्या को लेकर सौंपा गया। जिसमें बिजली आपूर्ति प्रशाखा हरनौत द्वारा पोल को लेकर,पईन उड़ाही को लेकर, नल जल योजना में तैनात ऑपरेटर को 2021 से पेमेंट कि शिकायत , परिमार्जन एवं पीएम आवास योजना संबंधित था।बताया कि समस्याओं का समाधान करने के आलावा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई ।देकर उसका लाभ लेने में भी सहयोग किया। उन्होंने कहा सहयोग शिविर के आयोजन से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर 1100 (8 बजे से शाम 8 बजे तक) पर प्राप्त किया जा सकता है। सहयोग शिविर का उद्देश्य मुहल्लेवासी की समस्याओं को मुहल्ले स्तर पर सुनकर उनका त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना था। मौके पर तकनीकी सहायक सिद्धार्थ, स्वच्छता प्रबंधक बंटी ,ऑपरेटर राहुल, शिवम, राधेश्याम , शिशुपाल,परमेंद्र पांडे, शिशुपाल सहित अन्य मौजूद थे।

## झारखंड–बिहार धार्मिक प्रतिष्ठान कर्मचारी महासंघ का तृतीय सम्मेलन पावापुरी में आयोजित

### कर्मचारी संगठनों ने श्रम संहिताओं, निजीकरण और ठेका प्रथा के खिलाफ बुलंद की आवाज

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पावापुरी (नालंदा)।** झारखंड–बिहार धार्मिक प्रतिष्ठान कर्मचारी महासंघ का तृतीय सम्मेलन मंगलवार को पावापुरी में आयोजित किया गया। सम्मेलन में श्रमिकों, कर्मचारियों और किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा श्रम एवं आर्थिक नीतियों के संबंध में संगठन की मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि काराकाट के सांसद कामरेड राजाराम सिंह, राज्य सचिव कामरेड मोहम्मद इरफान अहमद फातमी, कामरेड प्रमोद प्रभाकर, प्रभात कुमार पाण्डेय, अरुण कुमार मिश्रा तथा इन्द्रदेव सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर संघ के संरक्षक उमराव प्रसाद निर्मल ने आये हुए अतिथियों को माला पहनकर एबं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश वर्तमान समय में महंगाई, बेरोजगारी और श्रमिक अधिकारों से जुड़ी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रम कानूनों में किए जा रहे बदलावों से मजदूरों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं तथा नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सुविधाएं लगातार कमजोर की जा रही हैं। वक्ताओं ने सरकारी संस्थानों के निजीकरण, ठेका प्रथा, श्रम संहिताओं तथा विद्युत विधेयक जैसे मुद्दों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन नीतियों का सीधा असर मजदूरों, कर्मचारियों और किसानों पर पड़ रहा है। संगठन का आरोप है कि श्रमिकों और किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है, जबकि महंगाई और बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है।सम्मेलन में न्यूनतम 26 हजार रुपये मासिक मजदूरी सुनिश्चित करने, सरकारी एवं निजी संस्थानों में ठेका प्रथा समाप्त करने, मनरेगा के तहत 200 दिनों का रोजगार और 600 रुपये प्रतिदिन मजदूरी




देनेसहित कई मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। इसके अलावा तीन वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों की सेवा स्थायी करने की मांग भी की गई। महासंघ के नेताओं ने सभी सरकारी कर्मचारियों, फैक्ट्री मजदूरों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, किसान संगठनों एवं सामाजिक संगठनों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों और किसानों के हितों की रक्षा के लिए व्यापक एकता समय की मांग है। सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।







# मदरसा गली में छापेमारी, हथियार और कारतूस के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

## पुलिस को मिली थी बड़ी वारदात की सूचना, एक पिस्टल, एक कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** लहेरी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मदरसा गली से तीन अपराधियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियों का आप. राधिक इतिहास रहा है और वे पूर्व में जेल भी जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार, एक जून की रात करीब 10:30 बजे लहेरी थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि मदरसा गली स्थित परमानंद सिंह के मकान में तीन आदतन अपराधी हथियार और गोली के साथ ठहरे हुए हैं तथा किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलने के बाद वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया और सहायक पुलिस अधीक्षक–सह–अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिहारशरीफ–1 के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मदरसा गली स्थित मकान में छापेमारी की। इस दौरान मकान के प्रथम तल के एक कमरे से तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के शिवाजी कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय मोनू कुमार, बिंद थाना क्षेत्र के मोहदीपुर निवासी 25 वर्षीय राजा कुमार तथा बिहार थाना क्षेत्र के कटरापर निवासी 25 वर्षीय मोहित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि तीनों आरोपियों के खिलाफ चोरी, लूट, डकैती, रंगदारी, दंगा और आर्म्स एक्ट से संबंधित कई मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मोनू कुमार के विरुद्ध लहेरी और नूरसराय थाना में मामले दर्ज हैं। वहीं राजा कुमार के खिलाफ लहेरी थाना सहित अन्य थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। मोहित कुमार के विरुद्ध भी बिहार थाना में आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर मामलों का रिकॉर्ड पाया गया है।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे किस अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे थे और उनके साथ अन्य कौन–कौन लोग जुड़े हुए हैं। छापेमारी दल में लहेरी थानाध्यक्ष के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक सर्वेश कुमार, रणधीर कुमार, चंदन कुमार, सिपाही ब्रजेश कुमार तथा दीपक कुमार शामिल थे।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली विभाग की लापरवाही : करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, दो मासूमों के सिर से उठा पिता का साया



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** सिलाव थाना क्षेत्र के भुई गांव में बिजली विभाग की घोर लापरवाही ने एक हंसते–खेलते परिवार को उजाड़ दिया। बिजली पोल के लोहे के स्टेक (सपोर्टिंग तार) में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से 25 वर्षीय सुनील कुमार चौधरी नामक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद अब मृतक के दो छोटे–छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है, जिससे परिवार के भरण–पोषण पर संकट खड़ा हो गया है। घटना के संबंध में पड़ोसी रोहन पासवान ने बताया कि घर के पास लगे बिजली पोल के स्टेक में अचानक करंट आ गया था। मृतक अनजाने में जैसे ही स्टेक के संपर्क में आया, वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। ग्रामीणों ने आनन–फानन में लाठी के सहारे उसे स्टेक से अलग किया और इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ ले गए, जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल युवक की मौत के बाद उसके दो मासूम बच्चों के भविष्य को लेकर ग्रामीण काफी चिंतित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की उदासीनता के कारण पोल के सपोर्टिंग तार में करंट उतर आया, जिससे एक पिता की जान चली गई। लोगों ने विभाग से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और मामले की जांच कर दोषी बिजली कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। सिलाव थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को अस्पताल भेजा गया है। शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया चल रही है। शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।


# राजगीर मलमास मेला में स्वच्छता व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन की व्यापक तैयारी

## 1000 से अधिक अस्थायी शौचालय, 1000 सफाईकर्मी और 90 से अधिक वाहन लगाए गए



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 के सफल, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशानुसार मेला क्षेत्र में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यकर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विशेष स्वच्छता प्रबंधन व्यवस्था लागू की गई है। मेला क्षेत्र की साफ–सफाई एवं निगरानी को प्रभावी बनाने के लिए पूरे मेला परिसर को तीन जोन में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में साफ–सफाई कार्यों के संचालन और सतत निगरानी की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद, राजगीर एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) द्वारा मेला क्षेत्र में 1000 से अधिक अस्थायी शौचालय और मूत्रालय स्थापित किए गए हैं। वहीं साफ–सफाई का कार्य 24 घंटे तीन पालियों में लगातार संचालित किया जा रहा है। इसके लिए 1000 से अधिक सफाईकर्मियों, पर्यवेक्षकों एवं अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही नगर परिषद द्वारा 90 से अधिक वाहन, ट्रैक्टर–ट्रॉली एवं अन्य मशीनरी को स्वच्छता कार्य में लगाया गया है। प्रशासन की ओर से मेला क्षेत्र एवं शौचालयों की नियमित निगरानी, सफाई और फॉगिंग सुनिश्चित करने के लिए 62 जोनल एवं सहायक नोडल पदाधिकारियों के साथ 131 पर्यवेक्षी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ये पदाधिकारी प्रत्येक पाली में संचालित कार्यों की निगरानी कर आवश्यक दिशा–निर्देश दे रहे हैं। मेला के प्रमुख धार्मिक स्थलों सप्तधारा और ब्रह्मकुंड की विशेष साफ–सफाई की व्यवस्था की गई है। इन स्थलों पर नियमित रूप से गाद एवं अन्य अवशिष्ट पदार्थों को हटाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को स्नान के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके।किसी भी आकस्मिक स्वच्छता संबंधी स्थिति से निपटने के लिए नगर परिषद, राजगीर द्वारा क्विक रि. स्पांस टीम का गठन किया गया है। यह टीम आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई कर सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने का कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त संख्या में हैंड कार्ट, डस्टबिन, सफाई उपकरण, ब्लीचिंग पाउडर, चूना पाउडर, सुरक्षात्मक किट एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की भी व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र से प्रतिदिन एकत्रित किए जा रहे ठोस अपशिष्ट का वैज्ञ. ानिक तरीके से प्रबंधन किया जा रहा है। कचरे को एमआरएफ एवं कम्पोस्टिंग प्लांट तक पहुंचाया जा रहा है, जहां उसका पृथक्करण, पुनर्चक्रण एवं प्रसंस्करण निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। नगर परिषद, राजगीर ने मेला में आने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों से अपील की है कि वे मेला परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें, कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालें तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015



# मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां घर-घर पहुंचाएंगे भाजपा कार्यकर्ता
## 5 जून को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत होगा वृक्षारोपण – राजेश कुमार




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी, नालंदा जिला की मासिक बैठक मंगलवार को बिहारशरीफ परिसदन में जिला अध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा बिहार प्रदेश के नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना का जिला पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से युक्त पत्रक लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएंगे तथा घर–घर जाकर आम जनता से संवाद स्थापित करेंगे। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत जिले के सभी बूथों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा प्रेस वार्ता, प्रदर्शनी, स्वच्छता अभियान एवं अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वहीं 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के सभी मंडलों में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में इन सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जिला पदाधिकारियों को विभिन्न मंडलों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से नरेंद्र मोदी ने देश के विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में देश के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है तथा विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का कार्य किया है, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

केंद्र सरकार की सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचा है, जिससे उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, साबो देवी, तेजस्विता राधा, डॉ. अशुतोष कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू, शिवशंकर दास, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री अमरेश कुमार, राजू माहुरी, योगेन्द्र मंडल, रंजू कुमारी, जिला कोषाध्यक्ष उजाला कुमार सोनी, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, जिला प्रवक्ता अमरकांत भारती, आईटी सेल संयोजक अमित शान, सुभाष कुमार सिंह, आलोक रंजन, राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राणा बीघा में खेत से बालू चुराते ट्रैक्टर जब्त



**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** दीपनगर थाना क्षेत्र के राणा बीघा गांव स्थित निर्माणाधीन झील के पास शदिरा पर खंधाश स्थित खेत से अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर रहे माफियाओं के खिलाफ ग्रामीणों ने बड़ी कार्रवाई की है. खेत मालिक ने बालू चोरी करते हुए एक ट्रैक्टर को रंगे हाथ पकड़ा और उसे पुलिस के हवाले कर दिया.इस मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित खेत मालिक विधुमित्र शास्त्री के पुत्र कामता प्रसाद ने इस संबंध में स्थानीय दीपनगर थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है. आवेदन में कहा गया है कि बालू माफियाओं द्वारा उनके निजी खेत से लगातार बालू की चोरी की जा रही थी. माफियाओं को कई बार ऐसा करने से मना किया गया और समझाया गया, लेकिन वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे. इस अवैध खनन के कारण उनका उपजाऊ खेत पूरी तरह बर्बाद हो रहा है.घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर जब खेत मालिक कामता प्रसाद अपने खेत की तरफ टहलने गए थे, तभी उन्होंने देखा कि उनके खेत में एक ट्रैक्टर अवैध रूप से खड़ा है। वहां करीब 8 से 10 की संख्या में मजदूर ट्रैक्टर पर बालू और मिट्टी लाद रहे थे.खेत मालिक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत इसकी सूचना आपातकालीन सेवा डायल 112 को दी. सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और बालू लदे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया.पुलिस की गाड़ी को आते देख मौके पर अफरा–तफरी मच गई. पुलिस को अपनी ओर आता देख ट्रैक्टर का चालक और बालू लाद रहे सभी 8–10 मजदूर खेत का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे.पुलिस फरार आरोपियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.दीपनगर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि क्षेत्र में बालू माफियाओं के विरुद्ध एक सघन अभियान चलाया जा रहा है .किसी भी कीमत पर अवैध खनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है. इस घटना के बाद से स्थानीय बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है.

# पदाधिकारियों की लापरवाही से कागजी बनकर रह गया सहयोग शिविर
## आधे घंटे में फोटो खिंचवाकर लौटे अफसर; मायूस होकर लौटे ग्रामीण



**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर मंगलवार को राज्यभर में दूसरे सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना था। इसी क्रम में नालंदा जिले के गिरियक प्रखंड अंतर्गत चोरसुआ पंचायत सरकार भवन में भी सहयोग शिविर लगाया गया। हालांकि, स्थानीय लोगों के अनुसार यह शिविर केवल औपचारिकता और फोटो सेशन तक ही सीमित होकर रह गया। ग्रामीणों का आरोप है कि शिविर में गिरियक के अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी निर्धारित समय पर पहुंचे जरूर, लेकिन उनकी प्राथमिकता लोगों की समस्याएं सुनने के बजाय अपनी उपस्थिति दर्ज कराना अधिक प्रतीत हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अधिकारी शिविर में पहुंचने के लगभग आधे घंटे बाद ही औपचारिकताएं पूरी कर फोटो खिंचवाकर वापस लौट गए। सहयोग शिविर की सूचना पर चोरसुआ पंचायत एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे थे। शिविर में भूमि विवाद, जमीन की मापी, दाखिल–खारिज, आपसी विवाद, सात निश्चय योजना के तहत अधूरी पड़ी नाली–गली योजनाओं तथा जलजमाव से संबंधित समस्याओं के आवेदन लेकर लोग पहुंचे थे। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी बारी का इंतजार ही कर रहे थे कि अधिकारियों के वाहन वापस लौटने लगे। इसके कारण दर्जनों फरियादी अपने आवेदन हाथों में लिए बिना समाधान के ही मायूस होकर घर लौट गए।स्थानीय लोगों ने कहा कि सरकार की यह पहल सराहनीय है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ऐसे शिविर केवल दिखावा बनकर रह गए हैं और आम लोगों को इसका कोई वास्तविक लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने कहा, अगर अधिकारियों को केवल फोटो खिंचवानी थी तो हमें चिलचिलाती धूप में बुलाकर परेशान क्यों किया गया? यह जनता के साथ मजाक और सरकारी संसाधनों की बर्बादी है। अधिकारियों के जाने के बाद भी चोरसुआ पंचायत के मुखिया चंदन कुमार लोगों के आवेदन प्राप्त करते तथा ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराते दिखाई दिए। इस संबंध में मुखिया चंदन कुमार ने बताया कि प्रखंड के सतौआ पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर तथा राजगीर मलमास मेला में अधिकारियों की ड्यूटी होने के कारण वे जल्द लौट गए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सहयोग शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी (डीएम) से पूरे मामले की जांच कराने तथा शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद गिरियक प्रखंड में सहयोग शिविर के दौरान सामने आई अव्यवस्थाओं ने स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# हासनचक में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, पहला मैच चिल्कीपर जीता



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के डिहरी पंचायत पंचायत में स्थित हासनचक गांव के पास हसनचक प्रीमियर लीग (एचपीएस) द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मंगलवार से हुआ।उदघाटन मुख्य अतिथि सरपंच राज कुमार, पंचायत समिति सदस्य रामबाबू पासवान एवं वार्ड सदस्य शत्रुघ्न पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।उदघाटन मैच चिल्कीपुर एवं गोसाई विगहा के बीच खेला गया।पहले बल्लेबाजी करते हुए चिल्कीपर की टीम ने नौ विकेट खोकर 65 रन बनायी।जवाबी पारी खेलने उतरी गोसाई बिगहा की टीम 52 रन ही बना पायी।इस तरह चिल्कीपर की टीम 13 रन से मैच जीता। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र, जिला व राज्य का नाम रोशन करने की बात कही। आयोजन समिति दिपेश पासवान ,अविनाश कुमार ने कहा कि हासनचक में दस वर्ष पहले यह टुर्नामेंट हुआ था। पुनः दस साल के बाद क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है।यह युवाओं की प्रतिभा को निखारने का शानदार मंच है। उन्होंने कहा कि विभिन्न टीम द्वारा यह आयोजन खेला जा रहा है।जो टीम फाईनल में विजेता होंगे उसे 25 सौ जबकि उप. विजेता टीम को 15 रुपए के साथ–साथ ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर ऋषिकेश,भरत समेत कई उपस्थित थे।

BP
Shri Sai
Mob: - 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

हरि ॐ बाबा ॐ मो0-9162439318
माँ भगवती ज्योतिष केन्द्र एवं तंत्र, मंत्र, यंत्र संस्थान
हस्तरेखा, कुण्डली, रत्नपरामर्श, ग्रह शांती
उपाय वास्तु परामर्श हेतु सम्पर्क करें
मिलने का समय - सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे
नोट- यहाँ कुत्ता, सांप, बिच्छा, बिछौती, जौंडिस, छुतहरा भी झाड़ा जाता है।
स्थान- श्री सती स्थान गोलापर, मथुरिया महल्ला, बिहार शरीफ (नालन्दा)

# नालंदा में खेत बचाओ अभियान उर्वरकों का संतुलित उपयोग जरूरी

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिला सहित देश में मिट्टी की सेहत सुधारने, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने और किसानों को टिकाऊ खेती के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 'खेत बचाओ अभियान' की शुरुआत कर दी है। इसी कड़ी में हरनौत बाजार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ सीमा कुमारी ने नेतृत्व में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ सीमा कुमारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मिट्टी स्वास्थ्य संरक्षण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना था।इस अभियान का मूल मंत्र "स्वस्थ मिट्टी, सशक्त किसान, समृद्ध भारत है। वहीं कार्यक्रम में मृदा विज्ञान के वैज्ञानिक सह मीडीया प्रभारी डॉ. यूएन उमेश ने कहा कि उर्वरकों का उपयोग मिट्टी जांच रिपोर्ट के आधार पर ही करना चाहिए। अंधाधुंध रासायनिक खादों के प्रयोग से मिट्टी की




उर्वरता घट रही है। उन्होंने हरी खाद का उपयोग, कम से कम एक दलहनी फसल उगाने, प्राकृतिक खेती तथा कंपोस्ट खाद के अधिक से अधिक उपयोग पर जोर दिया। मौके पर वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. सीमा, गृह विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. ज्योति सिन्हा, पशु एवं चिकित्सा विज्ञान के वैज्ञानिक उदय प्रकाश नारायण ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने और मिट्टी के स्वास्थ्य को बचाने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से 52 से अधिक किसानों ने सक्रिय भागीदारी की। किसानों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं उनके लिए मिट्टी संरक्षण और बेहतर उत्पादन के लिए मार्गदर्शक साबित होंगी।

# पटेल चौक के पास रात को छाया रहता है अंधेरा

## परेशानी, मलमास मेला के बाद भी खराब पड़ा है लाइट



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजगीर (नालंदा)।** राजगीर बस स्टैंड स्थित पटेल चौक के पास लगा हाई मास्ट लाइट कई महिनों से बंद पड़ा है। यह शहर का काफी व्यस्त चौक है। शाम ढलते ही यहां पर अंधेरा छा जाता है। वहीं अभी मलमास मेला लगा हुआ है। इस कारण देर रात तक शहर की सड़कों पर आदमी व श्रद्धालुओं की आवाजाही होती रहती है। लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आवाजाही के बीच नगर परिषद द्वारा शहर में बेहतर पथ प्रकाश और रोशनी की व्यवस्था का दावा किया जा रहा है। लेकिन इन दावों की पोल शहर के सबसे व्यस्त पटेल चौक बस स्टैंड पर बंद पड़े हाई मास्ट लाइट से खुलती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार पटेल चौक स्थित हाई मास्ट लाइट लंबे समय से खराब है। यह चौराहा शहर के नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे को जोड़ता है। मलमास मेला के दौरान यहां श्रद्धालुओं, वाहनों तथा स्थानीय एवं बाहरी नागरिकों की भारी भीड़ रहती है। इसके बावजूद खराब हाई मास्ट लाइट की मरम्मत नहीं करायी जा रही है। इसी चौराहे से सभी स्तर के पदाधिकारी मेला क्षेत्र जाते और मेला क्षेत्र से लौटते हैं। बावजूद किसी पदाधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वे प्रतिदिन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से हाई मास्ट लाइट को चालू कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि परिषद में मनमानी चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता की समस्याओं की अनदेखी तो हो ही रही है, जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए जिला पदाधिक.ारी से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि मलमास मेला जैसे महत्वपूर्ण राजकीय आयोजन के दौरान शहर के प्रमुख चौराहे पर हाई मास्ट लाइट का बंद रहना सुरक्षा और व्यवस्था दोनों दृष्टि से चिंताजनक है।

# बराह और कोलावा पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन

## सहयोग शिविर आयोजन,जमीन, पेंशन, राशन कार्ड जैसी विभिन्न 53 जनसमस्याओं का समाधान, 19 विभाग थे तैनात

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के बराह पंचायत पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिक.ारी एवं कर्मी के अलावा डीसीएलआर विजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। डीसीएलआर सह नोडल पदाधिकारी ने शिविर से संबंधित प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की। उन्होंने निष्पादित और लंबित मामलों की जानकारी ली तथा लंबित आवे.दनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। वहीं जानकारी देते हुए मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार उर्फ पिंटु यादव ने बताया कि पंचायत से विभिन्न विभागों से संबंधित 53 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों का निष्पादन सहयोग शिविर में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर की निध.ारित तिथि से 30 दिन पूर्व ही आयोजन स्थलों पर आवेदन व परिवाद पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित है।बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजन किया गया है। शिविर को सफल संचालन में बीडीओ डॉ पंकज कुमार,सीओ पुजा,बीएओ ब्रजकिशोर,बीसीओ पंकज कुमार,प्रखंड आवास पर्यवेक्षक रविकर सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।बताया कि अंचल कार्यालय,कृषि , जी राम जी ( मनरेगा ),पंचायती राज ,पीएम आवास,शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, सहकारिता ,बाल विकास परियोजना,खाद्य एवं आपूर्ति ,जीविका,श्रम, बिजली ,पीएच ईडीएचडी,




सांख्यिकी , पशुपालन, स्वास्थ्य,कल्याण एवं ग्रामीण कार्य विभाग सहित कुल 19 स्टॉल लगाए गए थे।जो न केवल समस्याओं का समाधान करने के लिए बैठे थे बल्कि अपनी योजनाओं की जानकारी देकर उसका लाभ लेने में भी सहयोग किया।किसी को समस्याओं का समाधान कराने में दिक्कत नहीं हो इसके लिए मे आइ हेल्प यू का काउंटर भी था।सहयोग शिविर के आयोजन से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर 1100 के माध्यम से सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि अंचल कार्यालय से संबंधित 26,पीएम आवास से संबंधित 12 ,खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से चार,श्रम विभाग से संबंधित एक एवं समाजिक सुरक्षा कोषांग से 10 सहित कुल 53 पूर्व के मामले थे।जिसमें सभी का निष्पादन किया गया। शिविर में नये आवेदन भी ली गई।सहयोग शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को गांव स्तर पर सुनकर उनका त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना था।मौके पर एसडीपीओ–2 संजय कुमार जायसवाल, मुखिया सीता देवी,कल्याण बिगहा थानाध्यक्ष निशा भारती,पंचायत सचिव विकास कुमार,वार्ड सदस्य सुरीन राम,कमलेश राम,सुबोध राम,अजय कुमार सुजीत उर्मिला देवी व सूर्यभान कुमार,जय सिंह समेत अन्य मौजूद थे।उधर कोलावां पंचायत में भी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डीसीएलआर , एसडीपीओ ,बीडीओ,सीओ, मुखिया हेना कैसर,मुखिया प्रतिनिधि फिरोज , पंचायत सचिव विजय पासवान सहित अन्य पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।पंचायत सचिव विजय ने बताया कि कुल 47 मामलो का समाधान किया गया।

# अमावां पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में 35 आवेदनों का हुआ ऑन–द–स्पॉट निष्पादन




**केशववाणी (नालंदा)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को अस्थावां प्रखंड अंतर्गत अमावां पंचायत स्थित बेनार पंचायत सरकार भवन में ष्सहयोग शिविरष का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने की। शिविर के दौरान सचिव कुमार रवि ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने पंचायत सरकार भवन परिसर में नवनिर्मित पुस्.तकालय का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम के दौरान सचिव ने जीविका दीदियों द्वारा संचालित सिलाई केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सिलाई प्रशिक्षण और उत्पादन कार्य के माध्यम से जीविका समूह से जुड़ी महिलाएं रोजगार प्राप्त कर रही हैं तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए महिलाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं लाभुकों ने भाग लिया और विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं आवेदनों के निष्पादन के लिए आवेदन जमा किए। शिविर में ग्रामीण विकास विभाग से 11, अस्थावां अंचल कार्यालय से 8, कल्याण विभाग से 5, पंचायत विभाग से 3, कृषि विभाग से 2, ग्रामीण कार्य विभाग से 1, आपूर्ति विभाग से 2, जल संसाधन विभाग से 2 तथा स्वास्थ्य विभाग से 1 आवेदन प्राप्त हुआ।इस प्रकार शिविर में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निष्पादन कर संबंधित लाभ.ुकों को सूचित किया गया। सचिव कुमार रवि ने स्वयं शिविर में उपस्थित होकर लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सहजता से मिल सके। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी नालंदा, पुलिस अधीक्षक नालंदा, प्रभारी उप विकास आयुक्त, बंदोबस्त पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिक.ारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जन.संपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, स्थानीय मुखिया, सरपंच, कचहरी सचिव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रैतर गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 200 से अधिक मरीजों का हुआ इलाज

**केशववाणी गिरियक (नालंदा)।** नालंदा जिले के गिरियक प्रखंड अंतर्गत रैतर पंचायत के रैतर गांव में समाजसेवी एवं भावी मुखिया प्रत्याशी राजेश कुशवाहा के नेतृत्व में निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बिहारशरीफ के प्रसिद्ध न्यूरो स्पेशलिस्ट डॉ. राजीव कुमार रंजन ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य शिविर में रैतर पंचायत के विभिन्न गांवों से आए 200 से अधिक मरीजों का निरूशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर के दौरान मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के साथ–साथ दवाओं की भी जानकारी दी गई। शिविर में यह बात प्रमुख रूप से सामने आई कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का अभाव है। कई लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं और समय पर इलाज के महत्व की पर्याप्त जानकारी नहीं है। जांच के दौरान गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को आगे बेहतर उपचार के लिए विशेष परामर्श दिया गया। न्यूरो स्पेशलिस्ट डॉ. राजीव कुमार रंजन ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अक्सर सही समय पर विशेषज्ञ



चिकित्सकों तक नहीं पहुंच पाते हैं, जिसके कारण कई बीमारियां गंभीर रूप ले लेती हैं। उन्होंने बताया कि गंभीर मरीजों को बिहारशरीफ स्थित उनके निजी क्लीनिक में पुनः जांच एवं उपचार के लिए आने की सलाह दी गई है, जहां उन्हें विशेष सहयोग प्रदान किया जाएगा। समाजसेवी एवं भावी मुखिया प्रत्याशी राजेश कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि डॉ. राजीव कुमार रंजन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में लगभग 200 मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह और खुशी देखने को मिली। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया तथा आयोजकों के इस प्रयास की सराहना की।







# आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकन शुरू, 25 जून तक जमा होंगे आवेदन

## शास्त्रीय गायन, भरतनाट्यम, कथक एवं वादन की दी जाएगी निशुल्क प्रशिक्षण

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार द्वारा नालंदा जिले में आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। केंद्र में शास्त्रीय गायन, भरतनाट्यम, कथक तथा तबला, ढोलक एवं हारमोनियम वादन की विध. ाओं में छात्र–छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इच्छुक छात्र–छात्राएं कला एवं संस्कृति कार्यालय, नालंदा समाहरणालय, बिहारशरीफ से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र की हार्डकॉपी 25 जून 2026 तक कार्यालय में जमा करनी होगी। आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किसान कॉलेज रोड, आशानगर, सो. हसराय स्थित अरावत मैरेज हॉल के समीप किया जाएगा। केंद्र में प्रत्येक विषय में अधि. कतम 40 छात्र–छात्राओं का नामांकन किया जाएगा। नामांकन "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर होगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से किसी प्रकार का मासिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। नामांकन के लिए जन्म तिथि प्रमाण पत्र अथवा आधार कार्ड तथा तीन पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो जमा करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम आयु सीमा छह वर्ष निर्धारित की गई है।केंद्र मंगलवार से रविवार तक संचालित होगा। प्रशिक्षण सत्र दो पालियों में आयोजित किए जाएंगे। पहली पाली दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक तथा दूसरी पाली शाम 4 बजे से 6 बजे तक चलेगी। विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार नृत्य प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को घुंघरू, ड्रेस एवं अन्य आवश्यक सामग्री स्वयं उपलब्ध करानी होगी। आवेदन केवल हार्डकॉपी के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए कला एवं संस्कृति कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 9608796112 पर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। विभाग ने इच्छुक छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन जमा कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

# पुलिस की दबिश से हत्या कांड के दो अभियुक्तों ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के औंगारी थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या कांड में पुलिस के लगातार दबाव और छापेमारी अभियान के बीच दो नामजद अभियुक्तों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस के अनुसार, औंगारी थाना कांड संख्या–27/26 दिनांक 11 मई 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इस कांड में कई लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। मामले में नामजद अभियुक्त राकेश रौशन पासवान उर्फ बिंदी पासवान (34 वर्ष), रंजन पासवान (24 वर्ष), रंजीत पासवान (38 वर्ष) तथा सिकंदर पासवान (24 वर्ष), सभी निवासी सबलपुर, थाना–औंगारी, जिला–नालंदा, को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है।पुलिस द्वारा शेष फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस दबाव के कारण नामजद अभियुक्त धर्मपाल पासवान एवं राजू पासवान, दोनों पिता छोटे पासवान, निवासी सबलपुर, थाना–औंगारी, जिला–नालंदा ने 2 जून 2026 को माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के बाद न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मामले में फरार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या कांड में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा तथा सभी के विरुद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मेयर पद के प्रत्याशी संतोष भारती को लेकर मतदाताओं के बीच चर्चा, विकास और पारदर्शिता पर टिकी उम्मीदें

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मेयर पद के विभिन्न प्रत्याशी जनता के बीच पहुंचकर अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में लगे हैं। इसी कड़ी में मेयर पद के प्रत्याशी संतोष भारती भी लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। शहर के विभिन्न वार्डों में उनके द्वारा किए जा रहे संपर्क कार्यक्रमों के बीच मतदाताओं के बीच उनके व्यक्तित्व, कार्यशैली और भावी योजनाओं को लेकर चर्चा हो रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि नगर निगम चुनाव संसद या विधानसभा चुनाव से अलग होता है। यहां सड़क, नाली, सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और यातायात व्यवस्था जैसे बुनियादी मुद्दे सबसे अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में मतदाता उन प्रत्याशियों को प्राथमि. कता दे रहे हैं, जो जमीनी स्तर पर समस्याओं को समझते हों और उनके समाधान की स्पष्ट योजना रखते हों। संतोष भारती की पहचान लंबे समय से सामाजिक और जनसंपर्क गतिविधियों से जुड़ी रही है। समर्थकों का कहना है कि वे लगातार वार्डों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनते रहे हैं। वहीं, कई मतदाता नगर निगम में पारदर्शिता और जवाबदेही को भी प्रमुख मुद्दा मान रहे हैं। उनका कहना है कि निगम के बजट और विकास कार्यों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचनी चाहिए तथा शिकायतों के निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए। शहरवासियों के अनुसार सफाई व्यवस्था, जलजमाव, पेयजल संकट और ट्रैफिक प्रबंधन ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर आने वाले मेयर की कार्यक्षमता की सबसे बड़ी परीक्षा होगी। लोगों का कहना है कि नियमित कचरा उठाव, जलनिकासी की बेहतर व्यवस्था और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। इसके अलावा युवाओं और महिलाओं की भागीदारी को भी चुनावी चर्चा का महत्वपूर्ण विषय माना जा रहा है। कई लोगों का मानना है कि शहर के विकास के लिए युवाओं को अवसर और महिलाओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक सार्वज. निक वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है। खेल मैदान, सामुदायिक सुविधाएं और कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रम भी लोगों की अपेक्षाओं में शामिल हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि नगर निगम चुनाव में मतदाता अब जातीय और राजनीतिक समीकरणों के साथ–साथ विकास और कार्यशैली को भी महत्व देने लगे हैं। ऐसे में प्रत्याशियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती जनता का विश्वास जीतने और अपने विजन को व्यवहारिक रूप से प्रस्तुत करने की है। चुनाव प्रचार के बीच शहर में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि मेयर का पद केवल राजनीतिक नेतृत्व का नहीं, बल्कि जनसेवा और प्रशासनिक जवाबदेही का भी पद है। ऐसे में मतदाता उस प्रत्याशी का चयन करना चाहेंगे जो शहर के विकास, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों पर खरा उतर सके।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
& OTHER COURSES
आवेदन के लिए संपर्क करें
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)